

# राजस्थान पत्रिका



पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

उदयपुर, बुधवार, 04 सितंबर


# युवा रचनाकारों को समर्पित होगा राजस्थानी युवा उच्छब

**उदयपुर** . साहित्य अकादमी नई दिल्ली और राजस्थानी विभाग मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब' विश्वविद्यालय के बप्पा रावल सभागार में 7 व 8 सितम्बर को होगा। संयोजक एवं राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सालवी ने बताया कि ख्यातनाम कवि-आलोचक प्रोफेसर (डॉ.) अर्जुनदेव चारण की अध्यक्षता एवं कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन समारोह होगा। इस अवसर पर राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देव कोठारी विशेष अतिथि एवं डॉ. संजय कुमार शर्मा मौजूद रहेंगे। दो दिवसीय उत्सव में छह तकनीकी सत्र होंगे। जिसमें प्रदेशभर से आमंत्रित युवा रचनाकार भाग लेंगे। 7 सितम्बर को सांय 05 :15 बजे राजस्थानी भाषा-साहित्य के प्रतिष्ठित कवि-आलोचक एवं साहित्य अकादमी के सर्वोच्च पुरस्कार से पुरस्कृत डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित का विशेष व्याख्यान होगा। समारोह समापन में 8 सितम्बर को प्रख्यात कवि-कथाकार मधु आचार्य की अध्यक्षता एवं प्रोफेसर (डॉ.) माधव हाडा, सदस्य - सामान्य परिषद साहित्य अकादमी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।